## पुरस्कार

| | |
|---|---|
| **अमेरिकी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होने वाले पहले फुटबॉलर**  | **अर्जेंटीना** की पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान **लियोनेल मेसी** उन 19 लोगों में शामिल थे, जिन्हें **व्हाइट हाउस** में एक समारोह में संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार **'द प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' से सम्मानित** किया गया।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ लियोनेल मेस्सी **पुरुष फुटबॉल के पहले खिलाड़ी** बन गए हैं और **महिला फुटबॉल खिलाड़ी मेगन रेपिनो** के बाद इस खेल से दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने **2022 में यह पुरस्कार जीता** था।<br>❖ वर्तमान में मेस्सी संयुक्त राज्य अमेरिका के मेजर लीग में इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिए खेल रहे हैं।<br>❖ यह पुरस्कार अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन द्वारा 19 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को प्रदान किया गया, जिनका संयुक्त राज्य अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल 19 जनवरी 2024 को समाप्त हो रहा है।<br>❖ डोनाल्ड ट्रम्प के 20 जनवरी 2025 को देश के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने की उम्मीद है। |

## सूचकांक/रिपोर्ट

| | |
|---|---|
| **'लीड्स 2024'- रिपोर्ट**   | केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने "विभिन्न राज्यों में रसद सरलता" (Logistics Ease Across Different States) (LEADS) 2024" रिपोर्ट जारी की है।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ LEADS 2024 रिपोर्ट इस **रिपोर्ट का छठा संस्करण** है। LEADS रिपोर्ट की परिकल्पना **विश्व बैंक के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक (LPI) के आधार** पर की गई थी।<br>❖ **जारीकर्ता**: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय।<br>❖ **उद्देश्य**: रिपोर्ट राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन में सुधार के संदर्भ में जानकारी प्रदान करती है।<br>❖ **स्तंभ:** रिपोर्ट **चार प्रमुख स्तंभों** में लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है:<br>➢ लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर<br>➢ लॉजिस्टिक्स सेवाएँ<br>➢ ऑपरेटिंग और विनियामक वातावरण<br>➢ सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स<br>**LEADS 2024 के प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएँ:** |

| समूह | एचीवर्स | फास्ट मूवर्स | एस्पायर्स |
|---|---|---|---|
| **तटीय समूह** | गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु | आंध्र प्रदेश, गोवा | केरल, पश्चिम बंगाल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **स्थलरुद्ध समूह** | हरियाणा, तेलंगाना, उत्तर-प्रदेश, उत्तराखंड | बिहार, हिमाचल प्रदेश, **मध्यप्रदेश**, पंजाब, राजस्थान | छत्तीसगढ़, झारखंड |
| **उत्तर-पूर्वी समूह** | असम, अरुणाचल प्रदेश | मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा | मणिपुर |
| **केंद्र शासित प्रदेश** | चंडीगढ़, दिल्ली | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, पुडुचेरी | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लद्दाख |

## महत्वपूर्ण दिवस

### भारतपोल (BHARATPOL) पोर्टल



गृह मंत्री अमित शाह ने **7 जनवरी को नई दिल्ली** में **केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा** विकसित **भारतपोल पोर्टल** लॉन्च किया।

**मुख्य बिंदु**

- भारतपोल पोर्टल **इंटरपोल के माध्यम** से अंतर्राष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों के प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करेगा, जिसमें **रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल** है।
- साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन कट्टरता, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और मानव तस्करी सहित **अंतरराष्ट्रीय अपराधों के बढ़ते प्रभाव के कारण आपराधिक जांच में तेजी से और वास्तविक समय में अंतर्राष्ट्रीय सहायता की आवश्यकता** है।
- इस चुनौती का समाधान करने के लिए, **CBI ने भारतपोल पोर्टल विकसित किया** है, जो सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय सहायता तक आसान और तेज़ पहुँच की सुविधा प्रदान करके, यह अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में भारत के प्रयासों को मजबूत करेगा।

## समाचार में स्थान

### भारतीय रेलवे का 69वां रेलवे डिवीजन



केंद्रीय रेल मंत्रालय उत्तरी रेलवे जोन के अंतर्गत **जम्मू में अपना 69वां रेलवे डिवीजन स्थापित** करेगा।

**मुख्य बिंदु**

- वर्तमान में, **भारतीय रेलवे में 68 डिवीजन** हैं और जब भारतीय रेलवे द्वारा अधिसूचना जारी की जाएगी, तो जम्मू भारतीय रेलवे का 69वां डिवीजन होगा।
- संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और रूस के बाद **भारत में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क** है।

| | |
|---|---|
| | ❖ हालांकि, भारतीय रेलवे एकल प्रबंधन के तहत दुनिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रणाली है और लगभग 1.25 मिलियन कर्मचारियों के साथ सबसे बड़ा नियोक्ता भी है।<br>❖ विशाल नेटवर्क का प्रबंधन करने के लिए भारतीय रेलवे ने अपने संचालन को **17 ज़ोन में विभाजित** किया है और **ज़ोन के भीतर नेटवर्क को डिवीजनों में विभाजित** किया गया है। **उत्तरी ज़ोन भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा ज़ोन है।**<br>❖ **प्रस्तावित जम्मू डिवीजन में पाँच सेक्शन शामिल होंगे:**<br>➢ पठानकोट-जम्मू-उधमपुर (अब शहीद कैप्टन तुषार महाजन),<br>➢ श्रीनगर-बारामुल्ला,<br>➢ भोगपुर सिरवाल-पठानकोट,<br>➢ बटाला (छोड़कर)-पठानकोट और<br>➢ पठानकोट-जोगिंदर नगर। |

# विविध

| | |
|---|---|
| **भारत की तटीय और वेडर पक्षी जनगणना (India's first Coastline-Waders Bird Census)**<br> | **गुजरात सरकार** और **बर्ड कंजर्वेशन सोसाइटी ऑफ गुजरात** (BCSG) ने 3 से 5 जनवरी, 2025 तक **जामनगर के मरीन नेशनल पार्क और मरीन अभयारण्य** में भारत की पहली **तटीय और वेडर पक्षी जनगणना** आयोजित की।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ गुजरात के जामनगर जिले में 300 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ हैं, जिनमें 50 से अधिक वेडर पक्षी प्रजातियाँ शामिल हैं।<br>❖ तीन दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन विशेषज्ञ वार्ता, दूसरे दिन पक्षियों की गिनती और तीसरे दिन ज्ञान साझा करने के साथ समापन समारोह शामिल है।<br>❖ जनगणना मरीन नेशनल पार्क और मरीन अभयारण्य में वेडर और तटीय पक्षी प्रजातियों पर केंद्रित होगी। |
| **सिक्किम में भारत का पहला जैविक मत्स्य पालन क्लस्टर**<br> | केंद्रीय पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री **राजीव रंजन सिंह** ने 6 जनवरी, 2024 को **सिक्किम के सोरेंग जिले में** देश के पहले जैविक मत्स्य पालन क्लस्टर का उद्घाटन किया।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ इसका मुख्य उद्देश्य **किसानों की आय बढ़ाना और जलीय कृषि उत्पादन के पर्यावरण के अनुकूल तरीकों को सुनिश्चित** करना है।<br>❖ यह परियोजना दुनिया भर के हरित बाजारों के लिए एंटीबायोटिक्स, रसायनों या कीटनाशकों से दूषित न होने वाली ताजी मछली को बाजार में लाने का प्रयास करेगी।<br>❖ सिक्किम ने जैविक खेती के कार्यक्रम के माध्यम से राज्य में टिकाऊ कृषि की प्रतिष्ठा बनाई है।<br>❖ जैविक मत्स्य पालन की शुरूआत को विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ सिक्किम के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के साथ सामंजस्य के रूप में माना जा सकता है। |

## लघु समाचार

- **असम** के **पूर्व क्रिकेटर देवजीत सैकिया** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड **(BCCI) के नए सचिव** नियुक्त किए जाने वाले हैं।
- **IPS नीरू गर्ग** को **पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D) का महानिदेशक** नियुक्त किया गया है।
- **वर्ष 2024** में भारत **साइबर हमलों** के लिए विश्व स्तर पर **दूसरा सबसे अधिक लक्षित देश** है, जहां 95 घटनाएं दर्ज की गई हैं।
- **मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री** मोहन यादव ने **इंदौर** में **आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन** किया।
- गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव आशुतोष अग्निहोत्री को FCI का CMD नियुक्त किया गया है।
- **छत्तीसगढ़** भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने वनों की पारिस्थितिकी सेवाओं को हरित सकल घरेलू उत्पाद (ग्रीन GDP) से जोड़ने वाली एक अग्रणी पहल शुरू की है।

## दैनिक करेंट अफेयर्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न

**1. भारत का कौन-सा राज्य वनों की पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को हरित सकल घरेलू उत्पाद (ग्रीन GDP) से जोड़ने वाली अग्रणी पहल शुरू करने वाला पहला राज्य बन गया है?**

A. मध्य प्रदेश
B. उत्तर प्रदेश
C. छत्तीसगढ़
D. महाराष्ट्र

**उत्तर- C**

**2. अमेरिकी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होने वाले पहले फुटबॉलर कौन हैं?**

A. क्रिस्टियानो रोनाल्डो
B. पेले
C. लियोनेल मेसी
D. डिएगो मैराडोना

**उत्तर- C**

❍❍❍❍